

## मेक्सिको की सबसे ऊंची चोटी पर फहराया तिरंगा

**हिसार।** जिले के गांव मिगनीखेड़ा निवासी हाई-एल्टिट्यूड क्लाइंबर नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में भारतीय पर्वतारोहियों के दल ने ग्लोबल लेवल पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नरेंद्र की टीम ने मेक्सिको की सबसे ऊंची चोटी पिको डी ओरिजाबा पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की। इसे उत्तरी अमेरिका का सबसे ऊंचा ज्वालामुखी भी माना जाता है। यहां ऑक्सीजन लेवल काफी कम होता है । अत्यधिक ठंड और बर्फीला तूफान पर्वतारोहियों के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहता है। अभियान के बाद नरेंद्र कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरी टीम के सामूहिक प्रयास का नतीजा है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि उनका अगला लक्ष्य और भी कठिन होने वाला है। नरेंद्र कुमार के मुताबिक, 5636 मीटर यानी 18 हजार 491 फीट की ऊंचाई पर स्थित पिको डी ओरिजाबा पर्वतारोहियों के लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है।

## कुरुक्षेत्र से फुलेरा के बीच विशेष ट्रेन चलेगी

**कुरुक्षेत्र।** नववर्ष और खाटू श्याम दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए रेलवे की ओर से कुरुक्षेत्र से फुलेरा के बीच चार दिन के लिए विशेष रेलगाड़ी चलाने का निर्णय लिया है। यह स्पेशल ट्रेन कुरुक्षेत्र से 29, 30, 31 दिसंबर और एक जनवरी को फुलेरा के लिए रवाना होगी, जबकि वापसी में यह ट्रेन फुलेरा से 30 व 31 दिसंबर और एक व दो जनवरी को कुरुक्षेत्र आएगी। ये ट्रेन अनारक्षित होगी, जिससे यात्री सामान्य टिकट लेकर आसानी से यात्रा कर सकेंगे। यह स्पेशल ट्रेन कुरुक्षेत्र से रात 11:30 बजे रवाना होगी। सुबह करीब 8:30 बजे फुलेरा पहुंचेगी।

# राष्ट्रपति ने सिरसा की छात्रा ज्योति को किया सम्मानित

## लोकोमोटिक विकलांगता से ग्रसित होने के बावजूद भी पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा जिले के पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय ओढ़ा की 11वीं कक्षा की दिव्यांग छात्रा ज्योति को पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर वीर बाल दिवस पर शुक्रवार को देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि ज्योति अब तक कई स्वर्ण व रजत पदक जीत चुकी है।

ज्योति सिरसा जिले के ऐलनाबाद खंड की रहने वाली है तथा बचपन से ही अपने लोकोमोटिक विकलांगता से ग्रसित है, इसके बावजूद उसकी मेहनत व लग्न ने उसे आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। ज्योति के पिता विजयपाल ऐलनाबाद में जेसीबी मशीन चलाते हैं। वर्ष 2020 में कोरोना काल में जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के माध्यम से ज्योति का नवोदय विद्यालय ओढ़ा में कक्षा छठी में प्रवेश हुआ। 2022 में ज्योति ने आठवीं कक्षा पास की थी।



### खास बातें

- सिरसा जिले के पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में 11वीं कक्षा में पढ़ती होनहार बेटी
- दिव्यांग बेटी ज्योति कई स्वर्ण व रजत पदक जीत चुकी
- ज्योति का रुझान डिस्कस थ्रो और शॉट पुट था

### जवाहर नवोदय विद्यालय ओढां से पास की दसवीं कक्षा

नवोदय विद्यालय ओढां के प्राचार्य ललित कालड़ा ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा ज्योति को आगे की पढ़ाई तथा प्रशिक्षण के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय रंगा रेड्डी हैदराबाद भेजा गया। नौवीं कक्षा ज्योति ने जवाहर नवोदय विद्यालय रंगा रेड्डी हैदराबाद से की और दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा देने हेतु वापस जवाहर नवोदय विद्यालय ओढां आई और दसवीं की बोर्ड परीक्षा पास करने के बाद कक्षा 11वीं में वापस जवाहर नवोदय विद्यालय रंगा रेड्डी हैदराबाद चली गई। अपने इस प्रशिक्षण के दौरान उसने एथलेटिक्स में डिस्कस थ्रो, शॉट पुट तथा भाला फेक के कई टूर्नामेंट में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और रजत पदक प्राप्त किए। प्राचार्य ललित कालड़ा ने ज्योति को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## नारनौंदः खुशी नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने गेट पर दिया धरना

72 घंटे का दिया अल्टीमेटम, मांगें पूरी नहीं तो कॉलेज होगी तालाबंदी

कॉलेज प्रबंधन पर लगातार समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

खुशी कॉलेज ऑफ नर्सिंग कागसर में छात्राओं के साथ उत्पीड़न का मामला एक बार फिर गरमा गया है। शुक्रवार को सैकड़ों छात्राओं ने कॉलेज के मुख्य गेट पर धरना शुरू कर दिया। छात्राओं का कहना है कि उन्होंने प्रदेश सरकार के शीर्ष स्तर तक अपनी शिकायतें पहुंचा दी हैं, इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। धरने पर बैठी छात्राओं ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रबंधन उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रहा है।

### कॉलेज संचालक की गिरफ्तारी की मांग

छात्राओं की मुख्य मांग है कि कॉलेज संचालक की गिरफ्तारी की जाए और सभी छात्राओं का माइग्रेशन इस कॉलेज से किसी अन्य मान्यता प्राप्त नर्सिंग कॉलेज में किया जाए। छात्राओं के अनुसार वे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा और महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया से मिलकर पूरे प्रकरण की जानकारी दे चुकी हैं। छात्राओं ने प्रशासन को 72 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि इस अवधि में उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो कॉलेज में ताला जड़ दिया जाएगा। इसके बाद भी समाधान नहीं हुआ तो छात्राएं चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर धरना देंगी।

# भिवानीः पंचायत में चलीं गोलियां, तीन हुए घायल

## गाड़ी को लेकर हुई थी दोनों पक्षों में कहासुनी, एक युवक रोहतक रेफर

घायल युवकों में से एक को सामान्य अस्पताल भिवानी तो दूसरे पक्ष को निजी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



गांव नौरंगाबाद में शुक्रवार को पंचायत के दौरान दो पक्षों में गोलियां चल गई। इस दौरान एक युवक के पैर में गोली लग गई, तो वहीं दो अन्य युवकों को भी गोली लगी। जिसके बाद वह घायल हो गए। घायल युवकों में से एक को सामान्य अस्पताल भिवानी तो दूसरे पक्ष को निजी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। जहां पर निजी हॉस्पिटल में दोनों अजय नमक युवकों का इलाज चल रहा है और उपेंद्र को रोहतक रैफर दिया है। घायल उपेंद्र के भाई शिवपाल ने कहा कि उपेंद्र नौरंगाबाद में रिश्तेदारी में आया हुआ था। पंचायत के दौरान हुई फायरिंग में उपेंद्र को गोली लग गई। घायल को सामान्य अस्पताल में लेकर पहुंचे हैं। पंचायत के दौरान 4 से 5 राउंड फायरिंग हुई।

### पुलिस कर रही जांच

डीएसपी अनूप कुमार ने कहा कि कल शाम को गाड़ी को लेकर कोई कहासुनी दोनों पक्षों में हो गई थी जिसको लेकर गांव में आज पंचायत चल रही थी और पंचायत के दौरान दो पक्षों में गोलियां चली हैं और इसमें तीन लोग घायल हो गए हैं जिनमें से एक उपेंद्र नामक युवक को रोहतक पीजीआई रैफर किया गया है वहीं दोनों अजय नमक युवकों का इलाज निजी हॉस्पिटल में चल रहा है उन्होंने कहा कि दोनों ही पक्षों में से एक पक्ष सरपंच और दूसरा पक्ष पूर्व सरपंच है डीएसपी अनूप कुमार ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है जल्द मामले की जांच कर जानकारी दी जाएगी।

## खेल-खेल में आठ साल के मासूम बच्चे की गई जान चुन्नी से घुट गया गला

**फरीदाबाद।** सारन थाना क्षेत्र की पर्वतीय कॉलोनी में वीरवार रात को बच्चे का खेलते हुए चुन्नी से गला घुट गया। बच्चे को निजी अस्पताल में इलाज के लिए दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पर्वतीय कॉलोनी में रहने वाले दिलीप कुमार होलसेल का काम करते हैं। दिलीप कुमार के तीन बच्चे हैं। वीरवार रात को वह अपने कमरे में बैठकर हिसाब-किताब लगा रहे थे। उनका सबसे छोटा बेटा निशांत उनके सामने ही खेल रहा था। निशांत ने चुन्नी को खिड़की पर बंधा हुआ था और चुन्नी का दूसरा सिरा अपने पेट पर बांधा हुआ था। बताया जा रहा है कि खेलते हुए ही निशांत का पांव फिसल गया। चुन्नी उसके गले में अटक गई।

- बच्चे ने खिड़की से बांध रखी थी चुन्नी, पांव फिसलने के कारण गले में अटक गई चुन्नी

# रतिया में नशे की ओवरडोज से गई दो और युवकों की जान

## एक शव को कुत्तों ने बुरी तरह नोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/रतिया



- एसएचओ और दो ड्रग इंस्पेक्टरों पर गिर चुकी है गाज, बर्खास्त, एसएचओ लाइनहाजिर
- रतिया व जाखल के युवा सबसे ज्यादा नशे की जद में

जिले के पंजाब सीमा से सटे रतिया क्षेत्र में मेडिकल नशे के कारण युवाओं की मौत का सिलसिला जारी है। पिछले दिनों अमन नामक युवक की नशे से ओवरडोज से मौत का मामला अभी शांति नहीं हुआ था कि क्षेत्र में दो और युवकों की मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। एक युवक जहां रतिया शहर में मृत अवस्था में मिला वहीं दूसरा युवक का शव गांव कंवलगढ़ में घग्घर नदी किनारे मिला है। दोनों युवकों की मौत का कारण नशे की ओवरडोज बताया जा रहा है। परिजनों ने शवों का बिना पोस्टमार्टम करवाए ही उनका अंतिम संस्कार कर दिया है। रतिया क्षेत्र में 24 घंटे में नशे के कारण दो युवकों की मौत ने पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान पर सवालिया निशान उठाए हैं।

रतिया शहर में पुरानी गोशाला के पास वार्ड नंबर 4 निवासी 19 वर्षीय गुरप्रीत का शव झाड़ियों में पड़ा मिला। शव को कुत्तों ने नोचा हुआ था। गुरप्रीत के चाचा हरजीत सिंह ने बताया कि उनका भतीजा कल दोपहर को घर से गया था। कपड़ों से उसकी पहचान की गई। इसके बाद उसके शव को घर लाकर अंतिम संस्कार किया गया। गुरप्रीत तीन भाइयों में मझला था। उसके चाचा के अनुसार वह नशे का आदी था।

### रतिया व जाखल के युवा मेडिकल नशे की जद में

पिछले कई सालों से फतेहाबाद जिले में चिट्टे का नशा तेजी से पैर पसार रहा है। सीमावर्ती क्षेत्रों से सटे जिला फतेहाबाद रतिया व जाखल के ग्रामीण क्षेत्रों में चिट्टे व मेडिकल नशे के आदी हो चुके हैं। खासकर युवा वर्ग इसकी चपेट में है। इन दिनों ही पुलिस कप्तान सिद्धांत जैन व महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बड़े स्तर पर नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह नशे के दुष्परिणामों से ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए गांवों में यात्राएं निकाल रहे हैं। उनके प्रयासों से कई नशा तस्कर पकड़े में आए हैं।

### पुलिस पर जड़े थे गंभीर आरोप

वहीं दूसरे मामले में कंवलगढ़ निवासी 29 वर्षीय राजू की भी नशे की ओवरडोज से मौत हो गई थी। परिजनों के अनुसार, उसने घग्गर नदी के किनारे नशे का इंजेक्शन लगाया। रतिया में पिछले दिनों युवक अमन की मौत के बाद उसके पिता मुकेश मित्तल ने पुलिस पर गंभीर आरोप जड़े थे। इसके बाद एसपी सिद्धांत जैन ने रतिया के एसएचओ रणजीत सिंह को लाइन हाजिर कर दिया था। वहीं सरकार द्वारा भी दो ड्रग इंस्पेक्टरों फतेहाबाद सेकेंड के डीसीओ धीरज खटक और हिसार सेकेंड के डीसीओ अजय बिश्नोई की बर्खास्तगी के आर्डर जारी कर दिए थे।



